## भीषण गर्मी में आंगनबाड़ी केंद्रों में ना बिजली का पता ना ही पंखे का...

# 40 डिग्री तापमान पर झुलस रहा बचपन, विभागीय अधिकारी AC में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर (मुकेश बागड़े)

एक ओर सरकार आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से देश के नौनिहालों के सर्वांगीण विकास, पोषण और बेहतर भविष्य के लिए करोड़ों रुपये का बजट खर्च कर रही है, वहीं दूसरी ओर जमीनी हकीकत प्रशासनिक लापरवाही और संवेदनहीनता की एक ऐसी तस्वीर प्रस्तुत कर रही है, जो किसी भी संवेदनशील व्यक्ति को झकझोर कर रख दे।

मध्यप्रदेश के सौसर नगर में स्थित कई आंगनबाड़ी केंद्र आज भी मूलभूत सुविधाओं के अभाव में संचालित हो रहे हैं। इनमें सबसे गंभीर समस्या है बिजली कनेक्शन और मीटर का अभाव, जिसके कारण भीषण गर्मी में छोटे-छोटे मासूम बच्चों को 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान में बैठने को मजबूर होना पड़ रहा है।

नगर के वार्ड क्रमांक 10 और 11 में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र, जो पुलिस थाने के ठीक पीछे और साप्ताहिक बाजार के समीप स्थित हैं, प्रशासनिक अनदेखी के जीवंत उदाहरण बन चुके हैं। इन केंद्रों में वर्षों से बिजली की कोई व्यवस्था नहीं है। विडंबना यह है कि भवन में पंखे तो लगाए गए हैं, लेकिन बिजली कनेक्शन और मीटर के अभाव में वे केवल दीवारों की शोभा बढ़ाने वाले उपकरण बनकर रह गए हैं।

गर्मी के इस भीषण दौर में जब तापमान लगातार 40 डिग्री के पार पहुंच रहा है, तब इन केंद्रों में आने वाले छोटे-छोटे बच्चे पसीने से तरबतर होकर दिन बिताने को मजबूर हैं। उनके मासूम चेहरों पर असहजता, बेचैनी और थकान साफ झलकती है। जहां एक ओर आम लोग घरों में कूलर और पंखों के बिना कुछ समय भी बिताने की कल्पना नहीं कर सकते, वहीं ये नन्हें बच्चे प्रशासन की उदासीनता के कारण तपते कमरों में बैठने को विवश हैं।




इस स्थिति से केवल बच्चों का शारीरिक स्वास्थ्य ही प्रभावित नहीं हो रहा, बल्कि उनका मानसिक और भावनात्मक विकास भी बाधित हो रहा है। अत्यधिक गर्मी और उमस के कारण बच्चों में डिहाइड्रेशन, लू लगने और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा लगातार बना हुआ है। यह परिस्थिति न केवल चिंताजनक है, बल्कि प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े करती है।

### अधिकारियों को दिया जा चुका है लिखित आवेदन

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का दर्द भी किसी से छिपा नहीं है। उन्होंने कई बार उच्च अधिकारियों को लिखित आवेदन देकर बिजली कनेक्शन और मीटर लगाने की मांग की है। लेकिन उनकी इन गुहारों पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि वे बच्चों की हालत देखकर बेहद व्यथित हैं, लेकिन उनके पास कोई विकल्प नहीं है। वे चाहकर भी बच्चों को बेहतर सुविधा उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं। स्थानीय नागरिकों में भी इस स्थिति को लेकर भारी नाराजगी है। चर्चा के दौरान सफी भाई ने बताया कि उन्होंने कई बार नगर पालिका और संबंधित विभागों से आंगनबाड़ी केंद्रों में बिजली व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है, लेकिन हर बार आश्वासन के अलावा कुछ भी हासिल नहीं हुआ।

### यहां ऐसे हाल है तो दूरदूराज के क्षेत्रों में क्या होगा...

उनका कहना है कि जब नगर के बीचों-बीच स्थित इन केंद्रों की यह हालत है, तो दूरदराज के क्षेत्रों की स्थिति का सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है।पालकों की चिंता भी दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। भीषण गर्मी के चलते अब कई अभिभावक अपने बच्चों को आंगनबाड़ी भेजने से कतराने लगे हैं। उनका कहना है कि वे अपने बच्चों को ऐसी जगह कैसे भेजें, जहां उन्हें बुनियादी सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हैं। इससे न केवल बच्चों की उपस्थिति प्रभावित हो रही है, बल्कि सरकार की पोषण और शिक्षा संबंधी योजनाओं का उद्देश्य भी अधूरा रह जा रहा है। यह स्थिति तब और अधिक विडंबनापूर्ण हो जाती है, जब एक ओर सरकार विकास कार्यों और जनकल्याण योजनाओं के बड़े-बड़े दावे करती है, वहीं दूसरी ओर एक साधारण बिजली कनेक्शन और मीटर की व्यवस्था तक नहीं हो पा रही है। यह प्रशासनिक तंत्र की कार्यशैली पर एक गंभीर प्रश्नचिह्न है।आवश्यकता इस बात की है कि संबंधित विभाग और प्रशासन इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई करें। आंगनबाड़ी केंद्रों में बिजली कनेक्शन और मीटर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि बच्चों को भीषण गर्मी से राहत मिल सके।

## जुन्नारदेव न्यायालय का अहम फैसला

# दो आरोपियों को आजीवन कारावास, कुल्हाड़ी से हत्या का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

गुरूवार को जुन्नारदेव के अपर सत्र न्यायाधीश महेंद्र मांगोदिया ने हत्या के एक गंभीर मामले में फैसला सुनाते हुए दो आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। यह निर्णय अपराध क्रमांक 243/2023 एवं सत्र प्रकरण क्रमांक 19/2023 में पारित किया गया।



### बेटे ने दर्ज कराई थी FIR

घटना के बाद मृतक के पुत्र पंकज आम्रवंशी ने थाना जुन्नारदेव में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया और घटना में प्रयुक्त हथियार लाठी एवं कुल्हाड़ी जप्त किए।

### साक्ष्यों और गवाहों से सिद्ध हुआ अपराध

विवेचना के दौरान वैज्ञानिक साक्ष्य और गवाहों के बयान के आधार पर आरोप सिद्ध हुए। सब इंस्पेक्टर रामविलास तिवारी एवं निरीक्षक बृजेश मिश्रा ने मामले की जांच की। न्यायालय में मजबूत पैरवी अपर लोक अभियोजक पंकज श्रीवास्तव द्वारा की गई, जिसके परिणामस्वरूप आरोपियों को कठोर सजा मिली।

### आरोपियों को सश्रम आजीवन कारावास

न्यायालय ने आरोपी सकरलाल आम्रवंशी और राहुल इवनाती, निवासी ग्राम टाटरवाड़ा, थाना जुन्नारदेव, जिला छिंदवाड़ा को लखनू आम्रवंशी की हत्या का दोषी पाया। दोनों आरोपियों को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत सश्रम आजीवन कारावास तथा प्रत्येक को 10,000 के अर्थदंड से दंडित किया गया।

### पुरानी रंजिश बनी हत्या की वजह

अपर लोक अभियोजक पंकज श्रीवास्तव के अनुसार, घटना 16 जून 2023 की है। मृतक लखनू आम्रवंशी का जमीन और पोल्ट्री फार्म को लेकर आरोपियों से विवाद चल रहा था, जो न्यायालय में लंबित था। घटना के दिन लखनू सुबह दूध बेचकर मोटरसाइकिल से गांव लौट रहे थे। इसी दौरान आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते रास्ता रोककर कुल्हाड़ी और लकड़ी के डंडे से हमला कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई।

# नगर निगम की अतिक्रमण हटाओ कार्रवाई, नागपुर रोड से जब्त किए कुर्सी और स्टूल

**छिंदवाड़ा।** नगर निगम आयुक्त श्री सी.पी. राय के निर्देशानुसार शहर में अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में नागपुर रोड स्थित चन्दनगांव माता मंदिर के पास फल-फ्रूट एवं नाश्ते के हाथ ठेलों को हटाने की कार्रवाई की गई। नगर निगम की टीम ने अभियान के दौरान इमलीखेड़ा चौराहा क्षेत्र में भी अतिक्रमण हटाया और मौके से कुर्सी-स्टूल जब्त किए। अधिकारियों ने बताया कि सड़क किनारे अव्यवस्थित रूप से लगाए गए ठेले और सामान यातायात बाधित कर रहे थे, उन्हें हटाकर मार्ग को सुचारू बनाया गया। इसके अलावा कलेक्टरेट कार्यालय के सामने हनुमान जी की मढ़िया के पास भी निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की गई। नगर निगम अधिकारियों ने संबंधित लोगों को सख्त हिदायत दी कि वे दोबारा सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण न करें। नगर निगम का कहना है कि शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाए रखने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



### दो मरीजों को दिलाई 1 लाख 25 हजार की आर्थिक मदद

छिन्दवाड़ा। सांसद बंटी विवेक साहू की पहल पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने जिले के दो मरीजों को 1 लाख 25 हजार की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। इस राशि से दोनों मरीजों का नागपुर और छिंदवाड़ा के अस्पतालों में बेहतर ईलाज हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि गंभीर रूप से बीमार दोनों मरीजों के परिजनों ने पिछले दिनों सांसद श्री साहू से मुलाकात करते हुये बीमारी के लिए आर्थिक सहायता राशि दिलाने की गुहार लगाई थी। जिसे गंभीरता से लेते हुये सांसद श्री साहू ने मुख्यमंत्री श्री यादव को पत्र प्रेषित कर दोनों मरीजों को ईलाज के लिए आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराने का निवेदन किया था।

# ऑपरेशन मुस्कान में बड़ी सफलता, चंद घंटों में बालिका बरामद

**छिंदवाड़ा।** चौकी उमरानाला पुलिस टीम को "ऑपरेशन मुस्कान" के तहत एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। लापता नाबालिग बालिका को पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए महज कुछ ही घंटों में सकुशल बरामद कर परिजनों से मिलाकर खुशियां लौटाईं। त्वरित कार्रवाई से मिला सफलताथाना प्रभारी मोहखेड़ श्री विजय माहोरे के निर्देशन में चौकी प्रभारी उमरानाला उप निरीक्षक श्री राजेश साहू एवं उनकी टीम ने गुमशुदा बालिका की तलाश हेतु तत्काल कार्रवाई शुरू की। सतत पतासाजी और सक्रिय प्रयासों के चलते पुलिस ने अल्प समय में ही बालिका को ढूंढ निकाला। परिजनों को सकुशल सुपुर्दबरामदगी के बाद पुलिस द्वारा विधिवत कार्रवाई करते हुए नाबालिग बालिका को सुरक्षित उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया, जिससे परिवार में खुशी का माहौल बन गया। पुलिस टीम की सराहनीय भूमिकाइस सफलता में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक राजेश साहू, सहायक उप निरीक्षक/हेड कांस्टेबल श्याम ठाकरे, महिला आरक्षक तमन्ना उइके, आरक्षक संजय, साइबर सेल हेड कांस्टेबल नितिन एवं आरक्षक आदित्य रघुवंशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुरस्कृत करने की घोषणापुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा द्वारा इस सराहनीय कार्य के लिए पुलिस टीम को पुरस्कृत किए जाने की घोषणा की गई है।

# 8 प्रकरण दर्ज, महुआ लाहन एवं शराब जप्त

**पांढुर्णा।** कलेक्टर श्री वशिष्ठ जी के निर्देशन तथा सहायक आबकारी आयुक्त श्री बी. आर. वैद्य के मार्गदर्शन में दिनांक 22 अप्रैल 2026 को आबकारी वृत्त सौसर द्वारा सघन कार्रवाई करते हुए ग्राम बड़गांबोडी, नवथल, उठेकाटा गोंदी एवं बागोड़ा ढाना क्षेत्र में नदी एवं नाले किनारे दबिश दी गई। इस दौरान अवैध रूप से रखे गए लगभग 6000 किलोग्राम महुआ लाहन एवं लगभग 80 लीटर महुआ शराब जप्त की गई। कार्रवाई के दौरान आबकारी विभाग द्वारा धारा 34 (1) च के तहत 08 प्रकरण कायम कर विवेचना में लिए गए। मौके पर बरामद लाहन का सैंपल लेकर शेष लाहन को नष्ट किया गया। यह कार्रवाई अवैध शराब निर्माण एवं विक्रय पर अंकुश लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उक्त कार्यवाही में वृत्त प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री के सी चौहान, श्री जी एल मरावी, भारती गोंड, आबकारी उपनिरीक्षक श्री आकाश मेश्राम, श्री जीत सिंह धुर्वे, श्री नरेंद्र कुमार नागेश, श्री आनिकेत पटेल, आबकारी आरक्षक श्री जितेंद्र सिंह, श्री श्याम कुमार शर्मा, श्री उत्कर्ष ठाकरे, भावना हेड़ाऊ, श्रद्धा, मुकेश, सोनाली वरकड़े, भारती मरकाम, रविना एवं होमगार्ड के जवान उपस्थित रहे।



### बिजली संधारण कार्य के चलते कई क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रभावित रहेगी

**छिंदवाड़ा।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी द्वारा 24 अप्रैल 2026 को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक बोहनाखेरी फीडर पर संधारण कार्य किया जाएगा। इस दौरान विद्युत आपूर्ति बाधित रहने से धर्मटेकरी स्थित फिल्टर प्लांट बंद रहेगा, जिसके कारण शहर के कई क्षेत्रों में पेयजलापूर्ति प्रभावित होगी। प्रभावित क्षेत्रों में मधुबन कॉलोनी, खान कॉलोनी, कुकड़ा जगत, सारसवाड़ा, खापाभाट, सर्वोत्तम नगर, लहगड़ुआ, सोनाखार, बोहता, सोनपुर, सिवनी प्राणमोती, कुसमेली, अजनिया, चौखड़ा, बोरिया सहित वार्ड क्रमांक 4, 9, 10, 16, 22, 24 एवं 48 शामिल हैं।

### परासिया में जल गुणवत्ता परीक्षण अभियान तेज

**छिन्दवाड़ा।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग परासिया द्वारा 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के अंतर्गत क्षेत्र के विद्यालयों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों में सघन जल गुणवत्ता परीक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य पेयजल स्रोतों की शुद्धता सुनिश्चित करना है।

# अवैध शराब पर पुलिस की कार्रवाई, 54 लीटर शराब व बाइक जब्त

## थाना अमरवाड़ा क्षेत्र का मामला, पुलिस कर रही मामले की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अमरवाडा

छिंदवाड़ा जिले में अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना अमरवाड़ा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 54 लीटर अवैध देशी शराब जब्त की है। जब्त शराब की कीमत लगभग 30 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

### मुखबिर की सूचना पर रात में घेराबंदी

पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशीष खरे के निर्देशन में जिलेभर में अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कल्याणी वरकड़े के नेतृत्व में 22 अप्रैल 2026 की रात करीब 11 बजे मुखबिर से सूचना मिली कि अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र धुर्वे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम सेजा रोड बायपास के आगे घेराबंदी की।




### पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी राजेन्द्र धुर्वे, उप निरीक्षक विजेन्द्र मार्को एवं आरक्षक श्याम साहू की विशेष भूमिका रही। पुलिस की इस तत्पर कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

### बाइक सवार से बरामद हुई शराब

घेराबंदी के दौरान पुलिस ने बिना नंबर की काले रंग की हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल को रोका। तलाशी लेने पर चालक शोहेब खान (28 वर्ष), निवासी ग्राम झिरलिंगा थाना कुंडीपुरा के कब्जे से थैलों में रखी 54 लीटर देशी लाल मसाला शराब बरामद हुई। पुलिस ने शराब के साथ मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली।

### आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज

आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 204/26 के तहत धारा 34(2) आबकारी एक्ट में प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया। बाद में आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस अब शराब के स्रोत और परिवहन नेटवर्क की जानकारी जुटाने में लगी है।

# कांग्रेस ने सौंसर में विरोध कर किया धरना प्रदर्शन

## किसानों और जनहित की अनदेखी पर बरसी कांग्रेस, समाधान नहीं तो होगा सौसर में चक्काजाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

क्षेत्र की सुलगती समस्याओं और सरकार की वादाखिलाफी के खिलाफ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सौसर ने आर-पार की लड़ाई का बिगुल फूंक दिया। गुरुवार,को तहसील कार्यालय के समक्ष कांग्रेस कार्यकर्ताओं और किसानों ने एक दिवसीय धरना आंदोलन कर सोई हुई सरकार को जगाने का काम किया। महामहिम राज्यपाल के नाम सौसर एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए कांग्रेस ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो अगला कदम 'उग्र आंदोलन और चक्का जाम' होगा।

### घोषणावीर बनी सरकार, धरातल पर किसान बेहाल

धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जतन उईके कांग्रेस विधायक विजय चौरे ने भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार किया। वक्ताओं ने कहा कि केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारें केवल चुनावी मंचों से 'अन्नदाता' के हित की बड़ी-बड़ी बातें करती हैं, लेकिन असलियत में किसान खाद, बीज और ऋण के लिए दर-दर भटक रहा है।क्षेत्र में अवैध धंधे, गोवंश की तस्करी, गैस ओर किसानों समस्या, चरम सीमा पर है।जनहित के मुद्दों को छोड़ भाजपा नेता सिर्फ अपने घर भरने में लगे हुए है।

# 20 विद्यार्थियों ने किया जेईई एडवांस के लिये किया क्वालीफाई

**छिंदवाड़ा।** जिले के शासकीय विद्यालयों ने जेईई-2026 (सत्र-2) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बड़ी सफलता अर्जित की है। सुनियोजित शैक्षणिक रणनीति, निरंतर मार्गदर्शन एवं प्रभावी मॉनिटरिंग के परिणामस्वरूप जिले के 20 विद्यार्थियों ने जेईई एडवांस के लिए क्वालीफाई कर जिले को गौरवान्वित किया है। कलेक्टर श्री हरेन्द्र नारायन के मार्गदर्शन एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस.बघेल के निर्देशन में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के दौरान विद्यार्थियों के लिए विशेष तैयारी अभियान संचालित किया गया। इसके तहत नियमित ऑनलाइन-ऑफलाइन कक्षाएं, विषय विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन, सतत टेस्टिंग सिस्टम तथा अध्ययन सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित की गई। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित जेईई-2026 (सत्र-2) का परीक्षा परिणाम बुधवार 22 अप्रैल 2026 को घोषित हुआ, जिसमें जिले के विभिन्न विकासखंडों के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। जेईई एडवांस के लिए क्वालीफाई करने वाले विद्यार्थियों में जिले के बिछुआ विकासखंड से एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल सिंगारदीप के अजय उईके (68.68), शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बिछुआ के प्रहलाद सीलू (52.36) एवं चरणजीत उईके (61.84) शामिल हैं। तामिया विकासखंड से सांदीपनि विद्यालय तामिया के राहुल परतेती (58.76) एवं पृथ्वी कड़पे (75.57) तथा शासकीय उमावि बिजौरी के पीयूष गौरखेड़े (79.75) ने सफलता प्राप्त की है। जुन्नारदेव विकासखंड से शासकीय उमावि निमोटी की ऐशिका उईके (74.63), शासकीय बालक उमावि दमुआ के धीरज झारें (71.74) एवं शासकीय उमावि बिछुआकला की फूलवती धुर्वे (53.12) शामिल हैं। हर्रई विकासखंड से सांदीपनि विद्यालय हर्रई के दीपक उईके (58.37) ने सफलता अर्जित की है।

## भाजपा मप्र की प्रदेश प्रवक्ता मंजरी जैन एवं जिलाध्यक्ष यादव ने पत्रकार वार्ता को किया संबोधित

# महिलाओं के अधिकारों से खिलवाड़ करने वालों को नारी शक्ति देगी करारा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

**भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश की प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती मंजरी जैन एवं भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने भाजपा जिला कार्यालय छिंदवाड़ा में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। पत्रकार वार्ता का स्वागत उद्बोधन भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने किया। प्रेस वार्ता के दौरान संचालन प्रदेश प्रवक्ता अजय धवले द्वारा किया गया।**



पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती मंजरी जैन ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम को प्रभावी बनाने वाले 131वें संविधान संशोधन विधेयक पर लोकसभा में विपक्ष का रवैया देश की महिलाओं के सम्मान, अधिकार और लोकतांत्रिक भागीदारी के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक संसदीय प्रक्रिया नहीं थी, बल्कि देश की आधी आबादी को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में उठाया गया ऐतिहासिक कदम था, जिसे विपक्ष ने अपने राजनीतिक स्वार्थ के कारण बाधित करने का प्रयास किया। श्रीमती जैन ने कहा कि कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी, समाजवादी पार्टी और पूरे इंडी गठबंधन ने इस विधेयक का विरोध कर अपनी महिला विरोधी मानसिकता उजागर कर दी है।

यह केवल एक विधेयक का विरोध नहीं, बल्कि करोड़ों महिलाओं के अधिकारों और उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ है। सबसे दुर्भाग्यपूर्ण यह रहा कि विपक्ष ने इस पूरे घटनाक्रम पर जश्न मनाया, जो देश की प्रत्येक महिला का अपमान है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और इंडी गठबंधन के नेताओं ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि उनके लिए महिला सशक्तिकरण केवल चुनावी नारा है, वास्तविक प्रतिबद्धता नहीं। कांग्रेस का इतिहास महिलाओं के अधिकारों का विरोध करने का रहा है। शाहबानो प्रकरण, तीन तलाक और अनुच्छेद 370 से प्रभावित कश्मीरी महिलाओं के अधिकारों के मुद्दे पर भी कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं के हितों के विरुद्ध खड़े होकर अपनी सोच स्पष्ट की है। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस ने महिलाओं के राजनीतिक अधिकारों पर दशकों तक अहसान जताया, लेकिन जब संसद में महिलाओं की आकांक्षाओं को सम्मान देने का अवसर आया, तब विपक्ष ने ठहाके लगाए, मेज थपथपाई और विरोध कर अपनी संवेदनहीनता का परिचय दिया।

## किसानों को होती है खासी परेशानी, गांव में खुलेआम परोसी जा रही शराब

# अवैध शराब और गंदगी पर जनपद सदस्य मर्सकोले ने जताई नाराज़गी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



जनपद क्षेत्र के जनपद सदस्य कृपालशाह मर्सकोले ने क्षेत्र में बढ़ती अव्यवस्थाओं को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि गांवों में जहां-जहां पानी के स्रोत हैं, जैसे हैंडपंप, मेड़ों में लगे ट्यूबवेल आदि, वहां शराब पीने वाले लोग बोतलें तोड़कर फेंक देते हैं। इससे राहगीरों, पानी भरने वाले लोगों तथा खेतों में सिंचाई करने वाले किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने बताया कि इस समस्या को लेकर पूर्व में शिवपुरा थाना में शिकायत आवेदन भी दिया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।कृपालशाह मर्सकोले ने आरोप लगाया कि शराब ठेकेदारों द्वारा गांव-गांव में अवैध रूप से "कुचिया" खोलकर शराब परोसी जा रही है, जिससे युवा वर्ग नशे की गिरफ्त में आकर अपना भविष्य बर्बाद कर रहा है। इसके कारण परिवारों में विवाद, मारपीट और घरेलू कलह की घटनाएं भी लगातार बढ़ रही हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार, पुलिस प्रशासन और आबकारी विभाग—तीनों ही इस गंभीर समस्या की अनदेखी कर रहे हैं। ठेकेदारों को केवल लाइसेंसी दुकान चलाने का अधिकार होता है, लेकिन उनके मनमाने रवैये पर रोक लगाने में आबकारी विभाग पूरी तरह विफल साबित हो रहा है।

अंत में उन्होंने सरकार से मांग की कि इस मुद्दे पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि गांवों का माहौल सुरक्षित और शांतिपूर्ण बनाया जा सके।

### "नारी शक्ति वंदन" के अंतर्गत कला एवं हस्तकला प्रदर्शनी का आयोजन

**बिछुआ, छिंदवाड़ा ।** शासकीय महाविद्यालय बिछुआ में "नारी शक्ति वंदन" कार्यक्रम के अंतर्गत कला प्रदर्शनी एवं हस्तकला प्रदर्शनी का सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना तथा नारी शक्ति के विभिन्न आयामों को कला के माध्यम से प्रस्तुत करना था।कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.पी. यादव के संरक्षण , महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. पूजा तिवारी के मार्गदर्शन , तथा संयोजक डॉ. मनीषा आम्टे के नेतृत्व में इस आयोजन को सुव्यवस्थित रूप से संचालित किया गया। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में समिति सदस्य डॉ. फरहत मंसूरी एवं डॉ. इस्मिल बेलिया का विशेष योगदान रहा।इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा महिलाओं से संबंधित विविध विषयों पर आकर्षक पोस्टरों का निर्माण किया गया।

### चौपाई साहिब का मासिक पाठ का आयोजन



**जुन्नारदेव।** 30 अप्रैल को होगा समापन गुरुद्वारा सिंह सभा, जुन्नारदेव का अनूठा आयोजन जुन्नारदेव। नगर के श्री गुरुसिंह सभा, जुन्नारदेव में एक माह का जपजी साहिब चौपाई साहिब का आयोजन किया जा रहा है। बीते लगातार 23 दिन से चल रहे इस आयोजन के चलते श्री गुरुद्वारा गुरुसिंह सभा में गुरुजी का दीवान सजा हुआ है। गुरुद्वारे में प्रति दिवस प्राप्त है 7:30 बजे से रात है 8:30 बजे तक यह अखंड पाठ किया जाता है। स्टिक पंथ के तीसरे गुरु श्री गुरु अमरदासजी के गुरु पर्व के अवसर पर यह आयोजन का समापन आगामी 30 अप्रैल को किया जाएगा। श्री गुरुसिंह सभा के ग्रंथी सरदार राजपाल सिंह ने बताया कि आगामी 30 अप्रैल 2026 को इस जपजी साहिब चौपाई साहब के अखंड पाठ का समापन किया जाएगा। इस दिन शब्द कीर्तन के उपरांत अरदास कर प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

### हज को जाने वालों का हुआ इस्तक़बाल



**इकलेहरा / परासिया** :- इकलेहरा से हज को जाने वालों का स्थानीय लोगों द्वारा इस्तक़बाल किया गया । यहां से मोहम्मद वारसी , मुतीमुन्नीशा और सरवरी बानो गुरुवार सुबह हज के लिए रवाना हुए । वे 26 अप्रैल को मुंबई से मक्का के लिए उड़ान भरेंगे । स्थानीय निवासी राजेंद्र पाटेकर , संजय बन्देवार , राम पवार , प्रीतम विश्वकर्मा , राजकुमार सूर्यवंशी , इलियास सिद्दीकी , उप सरपंच फखरुल सिद्दीकी , गोलू साहू , नागेंद्र गुप्ता , विकास लाउत्रे , विनोद कोची , शीबू डेहरिया , तुलसीदास विश्वकर्मा , पप्पू बन्देवार सहित सद्भावना ग्रुप के लोगों ने इस्तक़बाल किया ।

## गेहूं उपार्जन का कार्य प्रारम्भ, किसानों का कराया मुंह मीठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



22 अप्रैल बुधवार से परासिया सेवा सहकारी समिति के अन्तर्गत वसुंधरा वेयरहाउस गाजनडोह , पगारा सहकारी समिति , कारीडोंगरी सेवा सहकारी समिति एवं झुर्रे सहकारी समिति में गेहूं उपार्जन का कार्य प्रारंभ किया गया । जिसमें किसानों को तिलक लगाकर , फूल माला पहनाकर मुंह मीठा कराया गया एवं उपकरणों की पूजा कर उपार्जन का कार्य शुरू किया गया । उपार्जन समिति विधानसभा प्रभारी अशवनी यदुवंशी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।

कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा के कोषाध्यक्ष एवं उपार्जन केन्द्रो के विधानसभा सहप्रभारी इन्द्रपाल साहु , परासिया सहकारी समिति के प्रभारी नरेश पटेल , सहप्रभारी विजय पटेल , चांदामेटा सोसायटी प्रभारी परसु यदुवंशी , भाजपा नेता हरि आठनकर , श्याम श्रीवास्तव , मधु पवार , वीरेंद्र यादव , संदीप यदुवंशी , सहकारिता विस्तार अधिकारी श्री कांबले , प्रबंधक विनोद राजपूत , पगारा सोसायटी प्रबंधक राजा विश्वकर्मा , कारीडोगंरी सोसायटी प्रबंधक संतोष भलावी , कृषि विस्तार अधिकारी डेहरिया सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थिति हुए ।

### तालाब के आसपास श्रमदान करते हुए गंगा सप्तमी पर्व मनाया

**जुन्नारदेव** : मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आव्हान पर जिला कलेक्टर छिंदवाड़ा श्री हृदय नारायन के निर्देशानुसार जिला समन्वयक छिंदवाड़ा श्री अखिलेश कुमार जैन एवं जनपद पंचायत जुन्नारदेव सीईओ सुश्री रश्मि चौहान के नेतृत्व में तथा विकासखंड समन्वयक संजय कुमार बामने, मेंटर गोविन्द नंदवंशी, योगिता मर्सकोले,कि उपस्थिति में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत आयोजित दृष्टि सामाजिक विकास एवं कल्याण संस्था अध्यक्ष बुनेश राजबैठे के नेतृत्व में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत दूसरे चरण में गंगा सप्तमी के पावन पर्व पर ग्राम पंचायत मड़काढ़ाना के आदर्श ग्राम-कन्हान वनग्राम के जीवन दायिनी जल स्त्रोत बारहमासी तालाब में सामूहिक जन सहभागिता से तालाब के किनारे साफ-सफाई श्रमदान कर गंगा सप्तमी के पावन अवसर पर जल गंगा कि पूजन अर्चन किया गया। इस अवसर पर ब्लाक समन्वयक बामने ने कहा कि हमें अपने आसपास के सभी जल संसाधनों का उपयोग करते हुए उनकी साफ-सफाई संरक्षण करना भी प्रत्येक नागरिकों का दायित्व होना चाहिए।

## नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा अंतर्गत विविध प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

शासकीय महाविद्यालय दमुआ में प्राचार्य के मार्गदर्शन में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत निबंध, पोस्टर, भाषण एवं क्विज प्रतियोगिताओं का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं में महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता विकसित करना तथा उनकी रचनात्मक एवं बौद्धिक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना रहा।कार्यक्रम का संयोजन डॉ राजेश कुमार लोखंडे, डॉ सरिता पाल एवं डॉ पुष्पा मौर्य द्वारा किया गया। निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने "नारी शक्ति का महत्व" एवं "महिला सशक्तिकरण" जैसे विषयों पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। पोस्टर प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रंगों के माध्यम से नारी सम्मान, सुरक्षा एवं समानता का सशक्त संदेश दिया।भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने आत्मविश्वास के साथ नारी के सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक योगदान को रेखांकित किया, वहीं क्विज प्रतियोगिता में महिला अधिकारों, योजनाओं एवं महान महिलाओं से जुड़े प्रश्नों के माध्यम से ज्ञान का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया।कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं की सक्रिय उपस्थिति रही।

### नारी शक्ति वंदन पखवाड़ाः द्वितीय दिवस पर जागरूकता के लिए विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित

**दमुआ।** शासकीय महाविद्यालय, दमुआ में प्राचार्य के मार्गदर्शन में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत द्वितीय दिवस पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कानूनी अधिकार, साइबर सुरक्षा, वित्तीय साक्षरता एवं कार्यस्थल पर लैंगिक समानता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किए गए।कार्यक्रम में वक्ता डॉ सरिता ने वित्तीय साक्षरता विषय पर अपने विचार रखते हुए छात्राओं को बचत, निवेश एवं बैंकिंग प्रणाली की मूलभूत जानकारी दी।वहीं डॉ विनिता धुर्वे ने कानूनी अधिकार, साइबर सुरक्षा विषय पर अपने विचार व्यक्त किए एवं डॉ पुष्पा मौर्य ने कार्यस्थल पर लैंगिक समानता जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए महिलाओं को जागरूक रहने का संदेश दिया तथा सुरक्षित एवं समान कार्य वातावरण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं एवं उपस्थितजनों में जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाना रहा।कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और विषयों पर अपनी जिज्ञासाएं व्यक्त कीं। अंत में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### शिक्षा से हर लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है-विवेक पटेल

# विधायक पटेल ने मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल की बोर्ड परीक्षाओं में वारासिवनी-खैरलांजी क्षेत्र के विद्यार्थियों ने प्रावीण्य सूची में अपना स्थान बनाया है। वहीं जिले में भी दर्जनों विद्यार्थियों ने नाम रोशन किया है। ऐसे ही प्रदेश, जिले और स्कूल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को विधायक विवेक विक्की पटेल ने गुरुवार को जनसंपर्क कार्यालय में प्रशस्ति पत्र, मेडल और स्कूली बैग देकर उन्हें सम्मानित किया। पुरस्कार पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे पर खुशी देखी गई। इस दौरान विधायक विवेक पटेल ने विद्यार्थियों की उपलब्धि की सराहना करते हुए उनको उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

विधायक बनने के बाद पिछले दो वर्षों से विवेक विक्की पटेल द्वारा क्षेत्र के छात्र-छात्राओं का हौसला बढ़ाने के लिए उन्हें सम्मानित करने का कार्य लगातार किया जा रहा है। इस सम्मान समारोह की शुरुआत विवेक विक्की पटेल द्वारा विधायक बनने के बाद शुरू की गई थी। विधायक बनने के बाद विवेक पटेल द्वारा 2023-24 में लगभग 300 से अधिक स्कूली छात्र-छात्राओं व 2024-25 में 500 से अधिक और इस 2025-26 में 1500 से अधिक छात्र छात्राओं को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया गया है।



कहते है अगर इरादे फौलादी हो तो गरीबी और अभाव तरक्की का रास्ता नहीं रोक सकते। इस कहावत को सही सिद्ध कर दिखाया है, खैरलांजी क्षेत्र की रहने वाली अक्षरा घोड़ेश्वर ने एक छोटा सा घर और सीमित संसाधन रहने के बाद भी कक्षा 10 वीं में प्रदेश में दूसरे नंबर पर आकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बता दे कि अक्षरा के भाई की 2020 में करंट लगने से मौत हो गई थी। कुछ दिन बाद इस सदमे को सहन ना करने के कारण पिता ने भी आत्महत्या कर ली थी। परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा था। मगर मां ने हिम्मत नहीं हारी और खुद मजदूरी का काम करके अक्षरा को पढ़ाया। आर्थिक तंगी, मानसिक तनाव व सामाजिक चुनौतियों के बीच अक्षरा ने खुद को टूटने नहीं दिया और कड़ी मेहनत करके प्रदेश में दूसरा स्थान पाकर अपने माता-पिता और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

### लाड़सा पंचायत में पेयजल संकट गहराया, ग्रामीणों का आरोप- सरपंच ने निजी खेतों की सिंचाई में झोंका जनता का हक

# नल-जल योजना पर सरपंच का 'कब्जा'! गांव प्यासा, खेतों में बह रहा सरकारी पानी

हरिभूमि न्यूज लांजी।

सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर तक पेयजल पहुंचाने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर नल-जल योजनाएं संचालित कर रही है, लेकिन लांजी क्षेत्र की ग्राम पंचायत लाड़सा में इस योजना की हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। यहां ग्रामीणों ने सरपंच पर गंभीर आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है कि गांववासियों के लिए बनाई गई नल-जल योजना का पानी अवैध रूप से निजी खेतों की सिंचाई में इस्तेमाल किया जा रहा है, जबकि गांव की आधी आबादी बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान है। ग्रामीणों द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग लांजी को दिए गए शिकायत पत्र में बताया गया है कि पूर्व माध्यमिक शाला लाड़सा परिसर में नल-जल योजना के तहत पानी की टंकी बनाई गई है, जिससे पूरे गांव को पानी सप्लाई किया जाना था। लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम सरपंच श्रीमती गीता श्याम कालेबले द्वारा अपने धान के खेतों में इसी योजना के पानी का उपयोग किया जा रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव की आधी आबादी को नियमित पानी नहीं मिल रहा है, जबकि बाकी लोगों को भी आवश्यकता के अनुसार पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा। लोग पानी के लिए इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि नल-जल योजना की पाइपलाइन से अतिरिक्त पाइप जोड़कर खेतों तक पानी पहुंचाया जा रहा है। ग्रामीणों ने इसका वीडियो भी बनाया है, जिसे सबूत के तौर पर पेश करने की बात कही जा रही है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि खेतों में सिंचाई के लिए उपयोग हो रहे पानी का बिजली बिल भी ग्राम पंचायत द्वारा वहन किया जा रहा है। इसे सरकारी संसाधनों का खुला दुरुपयोग बताया जा रहा है। ग्रामीणों ने विभाग से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए और बकाया बिजली बिल की राशि संबंधित सरपंच से वसूली जाए। मामले ने पंचायत की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।



## भगवान भरोसे ग्राम पंचायत पुलपुट्टा : अस्थाई पंचायत सचिव और रोजगार सहायक का हुआ स्थानांतरण

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** बालाघाट जिले की जनपद पंचायत खैरलांजी के अधीन आने वाली ग्राम पंचायत पुलपुट्टा भगवान भरोसे संचालित हो रही है। सावरगांव के पंचायत सचिव युवराज चौधरी को इस पंचायत की अतिरिक्त जिम्मेदारी मिली है। जबकि पंचायत के रोजगार सहायक वामनराव सोनवाने का ग्राम पंचायत भौरगढ स्थानांतरण हो गया है। पंचायत में जिम्मेदार शासकीय कर्मचारियों की कमी की वजह से गांव के वाशिंदों को शासकीय योजनाओं का समय पर लाभ नहीं मिल पा रहा है। दूसरी तरफ गांव के वृद्ध और विकलांगजन समग्र आईडी की ई-केवायसी नहीं होने से परेशान हो रहे है। ई-केवायसी नहीं होने से पेंशनधारियों को पेंशन नहीं मिल रही है। गुरुवार को तपती धूप के बीच ग्राम पंचायत पहुंचे पेंशनधारियों ने बताया कि उन्हें अगस्त माह के बाद से पेंशन नहीं मिली है। समग्र केवाईसी नहीं होने से रायवंता तांडेकर, लीला बिटले, झुनीबाई सिंधुउईके, रामा वरकड़े, सकू श्रावण और अन्य को पेंशन नहीं मिल रही है। पंचायत सरपंच और सचिव को पेंशनधारियों को भौतिक सत्यापन करना था। जनपद पंचायत खैरलांजी ने 31 दिसंबर 2025 को ही ग्राम पंचायत को इससे अवगत करवा दिया था बावजूद इसके पंचायत के जिम्मेदारों के द्वारा पेंशनधारियों की ई-केवायसी को गंभीरता से नहीं लिया गया। गांव के पेंशनधारियों की इस समस्या को लेकर युवा समाजसेवी संजय तांडेकर ने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज करवाई है।



ग्रामीणों के अनुसार उन्हें मनरेगा का भुगतान नहीं मिल पाया है। मनरेगा और पंचायत को प्राप्त फंड से निर्मित सीसी सड़क और नाली निर्माण की मजदूरी का भुगतान मजदूरों को अभी तक नहीं मिला है। दिसम्बर 2025 में बनी सीसी सड़क और नाली निर्माण की मजदुरी राशि मजदूरों को नहीं मिलने से बड़ी समस्या हो रही है। ग्रामीणों के अनुसार जून 2025 से उन्हें मनरेगा के तहत कार्य नहीं मिला है। मनरेगा को जब से बदलकर विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम के तौर पर लाया गया है। तब से ग्रामीणों को गांव में रोजगार नहीं मिला है। जबकि यह कानून ग्रामीण परिवारों को वर्ष में कम से कम 125 दिनों के वैधानिक मजदूरी रोजगार देने की बात कही जाती है परंतु इसके बाद भी ग्रामीणों को काम नहीं मिल रहा है। मजदूरों को कार्य नहीं मिलने से वह पलायन के लिए मजबूर हो रहे हैं। गौरतलब हो कि ग्राम पंचायत पुलपुट्टा के सरपंच विजय सोनवाने की दो बार शिकायत हो चुकी है। जहां जिला सीईओ के यहां 7.50 लाख के गबन का मामला विचाराधीन है। उसके बाद उपसरपंच और पंच भी सरपंच के खिलाफ जिला सीईओ और कलेक्टर को शिकायत दे चुके हैं।

# आधी रात महापुरुषों की प्रतिमाओं पर हमला, कंसुली में फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

### ज्योतिबा फुले, डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर और महात्मा फुले की प्रतिमाएं तोड़कर फेंकी गईं, ग्रामीण बोले- दोषियों को बचाने की कोशिश बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज लांजी।





लांजी थाना क्षेत्र की सुलसुली पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम कंसुली में महापुरुषों की प्रतिमाओं के साथ हुई शर्मनाक तोड़फोड़ की घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। बुधवार और गुरुवार की दरमियां रात करीब 12 से 1 बजे के बीच अज्ञात व्यक्ति ने ज्योतिबा फुले, डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर तथा महात्मा फुले की प्रतिमाओं को निशाना बनाते हुए उन्हें स्थापना स्थल से उखाड़ दिया। सुबह जब ग्रामीणों ने यह दृश्य देखा तो उनका आक्रोश फूट पड़ा।

ग्रामीणों ने बताया कि अज्ञात आरोपी ने ज्योतिबा फुले और महात्मा फुले की प्रतिमाओं को तोड़कर पीछे स्थित गड्ढे में फेंक दिया, जबकि डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा को उखाड़कर चबूतरे पर ही छोड़ दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में भारी भीड़ जमा हो गई और लोगों ने इसे समाज को बांटने की साजिश बताते हुए दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। घटना की जानकारी की सूचना मिलते ही उच्च अधिकारियों के आदेशों के बाद सुलसुली चौकी प्रभारी साधु सिंह गुर्जर, आरक्षक चेतन सोनी, आरक्षक सुजीत पाल ,प्रधान आरक्षक राम रावत, शिव शंकर बघेल आरक्षक मौके स्थल पर पहुंचे ।ग्रामीणों के अनुसार गांव के ही एक बालक ने रात में एक संदिग्ध व्यक्ति को मौके पर देखा था। उसने बताया कि आरोपी ने चेहरे पर गमछा बांध रखा था और सफेद शर्ट पहनी हुई थी। इसके बावजूद अब तक आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर है।

ग्रामीणों का गुस्सा उस समय और बढ़ गया जब पुलिस ने घटनास्थल की जांच पूरी होने से पहले ही गड्ढे में पड़ी प्रतिमाओं को निकलवाकर दोबारा चबूतरे पर रखवा दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि इससे महत्वपूर्ण सबूत नष्ट हो सकते हैं।बताया जा रहा है कि जिस स्थान पर प्रतिमाएं स्थापित की गई थीं, वहां अतिक्रमण को लेकर तहसील कार्यालय में मामला पहले से लंबित है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के ही एक शिक्षक और सचिव उस भूमि पर मकान निर्माण करना चाहते थे। गौरतलब है कि 17 अप्रैल को ही प्रतिमाओं की स्थापना की गई थी। घटना के बाद ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि दोषियों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

ग्राम कन्सुली में ज्योतिबा फुले, डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर तथा महात्मा फुले की प्रतिमाओं को निशाना बनाते हुए उन्हें स्थापना स्थल से उखाड़ दिया। इसके विरोध में ग्राम के लगभग दो दर्जन से अधिक ग्रामीण लांजी थाना पहुंचे जहां लांजी थाना प्रभारी दीप सिंह परमार को सारी समस्या से अवगत कराया जानकारी को पता चलते ही लांजी एसडीओपी श्री ओमप्रकाश थाना पहुंचे और शिकायत लेकर पहुंचे सभी ग्रामीणों से जानकारी ली और ग्रामीणों को जिन लोगों पर शक था उन्हें पुलिस ने थाना बुलाकर पूछताछ की वही अभी पूरी मामलों की पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

### स्काउट, गाईड व कब बुलबुल ने चलाया पेयजल शिविर

**वारासिवनी।** भारत स्काउट गाइड राज्य मुख्यालय भोपाल एवं जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी कुमार उपाध्याय के निर्देशानुसार 21 अप्रैल 2026 से 23 अप्रैल 2026 तक बस स्थानक केन्द्र बडग़ॉव में पेयजल शिविर व अभिरूचि केन्द्र का संचालन एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला पिपरिया बडग़ॉव लोहारा, प्राथमिक शाला नयाटोला, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बडग़ॉव व कटंगझरी के स्काउट मास्टर, फलॉक लीडर, गाइड केप्टन एवं स्काउट गाइड व कब बुलबुल के द्वारा राहगीरों को ठंडा पेयजल शरबत वितरित किया जा रहा हैं। राहगीरों को ठंडा पानी पिलाकार सूखे कंठ को तर किया गया साथ ही स्काउट गाइड के दल द्वारा अभिरूचि केन्द्र में कला, हस्तकला व ड्राइंग पेटिंग की जा रही हैं।

## खबर संक्षेप

### पी. एम. कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सिवनी में विश्व वसुंधरा दिवस कार्यशाला का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी में एन. सी. सी. एवं इकोक्लब के द्वारा प्राचार्य डॉ रविशंकर नाग के संरक्षण में 22 अप्रैल 2026 को विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया जिसका थीम आवर पावर आवर प्लेनेट था इस अवसर पर एन सी ऑफिसर डॉ पवन वासनिक ने विश्व वसुंधरा दिवस पर विद्यार्थियों को जल संरक्षण करने की सलाह दी जल स्रोत में प्रदूषण नहीं करें साथ ही पर्यावरण हितैसी जीवन शैली अपनाने की सलाह दी, डॉ दिनेश चित्रिव इको क्लब प्रभारी द्वारा विद्यार्थियों को पृथ्वी के संरक्षण के महत्व को बतलाया गया साथ ही यह भी बताया गया कि भविष्य की पीढियों के लिए भी इस पृथ्वी को सुरक्षित रखना हम सब की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी ने वसुंधरा (पृथ्वी) संरक्षण की शपथ दिलाई गई कार्यक्रम का संचालन डॉ टी पी सागर ने किया कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ वर्षा जैन डॉ मनीषा सोनेकर डॉ धनेंद्र गुर्देकर सहित महाविद्यालय स्टॉफ का सराहनीय योगदान रहा कार्यक्रम के अंत में डॉ संदीप शुक्ला द्वारा सभी का आभार ब्यक्त किया गया।

### पीयूष बकौड़े ने किया माता-पिता का नाम रोशन



धनौरा। कक्षा 12 वीं में अध्ययनरत पीयूष बकौड़े पिता स्वर्गीय श्री कन्हैया लाल बकौड़े माता पार्वती बकौड़े ने अपनी मेहनत लगन से हायर सेकंडरी परीक्षा में 500 में 416 अंक प्राप्त कर संस्था में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। पीयूष बकौड़े सांदीपनि विद्यालय धनौरा में अध्ययनरत है।
हम आपको बता दे कि पीयूष बकौड़े के पिता 2 वर्ष पूर्व गंभीर बीमारी के चलते स्वर्गवास हो गया था जिसके बाद पीयूष बकौड़े ने अपनी मेहनत ओर लगन के साथ अपनी पढ़ाई की और आज अपने माता पिता ओर गांव का नाम रोशन किया जिसके बाद ग्रामवासियों ने पीयूष को अपना अपना आशीष देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और वहीं आदिवासी अंग्रेजी माध्यम बालक आश्रम धनोरा के अधीक्षक संतोष वेदी के द्वारा आगे की पढ़ाई के लिए सहयोग की बात कही गई है।

### हॉकी खिलाडियों ने कलेक्टर से मिलकर खेल के संबंध में चर्चा की

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला हॉकी संघ ने जिला कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना से मुलाकात की इस दौरान उन्होंने शिवानी की हॉकी खेल के संबंध में विस्तार से चर्चा की साथ ही यह भी बताया कि जिले में एकमात्र एस्ट्रो टर्फ मैदान है जो अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के अनुकूल है यहां पर समय-समय पर अखिल भारतीय हाकी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता रहा है साथ ही यहां पर जो खिलाड़ी हैं उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर अपने खेल से लोहा मनवाया है यहां पर खिलाडियों को अगर समुचित संसाधन मिलते हैं तो अनेक खिलाड़ी राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन कर सकते हैं हाकी से जुड़े खिलाडियों की बात को सुनकर जिला कलटर श्रीमती नेहा मीना ने कहा कि खेल के क्षेत्र में पैसे की कमी नहीं है और हम प्रयास करेंगे की जिले में खेलों के क्षेत्र में अच्छे से अच्छा क्या किया जा सकता है इस संबंध में शीघ्र ही बैठक बुलाकर आप सभी से सुझाव लेंगे जिससे हम इस जिले को राष्ट्रीय क्षितिज पर खेलों के लिए अपनी पहचान बना सके ऐसा प्रयास करेंगे। जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष डी एल गौर ने भी आगे खेल के संबंध में विस्तार से अपनी बात रखी। उन्होंने आगे चर्चा करने की बात कही इस अवसर पर हॉकी से जुड़े असद खान सफीउल्लाह खान अलीम खान अबू शर्मा कलीम खान जावेद खान रियाज कुरेशी हामिद खान आसिफ अमन अरशद जुबेर सहित अनेक खिलाड़ी उपस्थित रहे।

### कान्हा टाइगर रिजर्व में बाघ शावक की मृत्यु

**मंडला**-कान्हा टाइगर रिजर्व के अंतर्गत सरही वन परिक्षेत्र में एक नर बाघ शावक की मृत्यु का मामला सामने आया है। यह घटना 21 अप्रैल को बड़े अमाही नाला, बीट सरहीनाका, कक्ष क्रमांक 668(69) क्षेत्र में प्रकाश में आई। घटना की जानकारी मिलते ही एनटीसीए (नई दिल्ली) एवं मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार तत्काल कार्रवाई करते हुए क्षेत्र को सुरक्षित किया गया। डॉग स्क्वॉड की मदद से घटनास्थल और आसपास के क्षेत्र की गहन जांच की गई। मौके पर एक मादा बाघ अपने अन्य शावकों के साथ भी देखी गई।

# खाद्य वितरण में लापरवाही से ग्रामीण परेशान, आदिम जाति सहकारी समिति धूमा पर गंभीर आरोप

**हरिभूमि संवाददाता मुकेश साहू। सिवनी जिले के लखनादौन जनपद पंचायत के धूमा क्षेत्र की धनकाकडी पंचायत में खाद्यान्न वितरण को लेकर गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। आदिम जाति सहकारी समिति धूमा के अंतर्गत आने वाले इस क्षेत्र में ग्रामीणों ने राशन वितरण में गड़बड़ी और मनमानी के आरोप लगाए हैं, जिससे आमजन में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।**



सिवनी जिले के धूमा क्षेत्र की धनकाकडी पंचायत में इन दिनों खाद्य वितरण व्यवस्था को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। आदिम जाति सहकारी समिति धूमा के अंतर्गत आने वाले इस क्षेत्र में गरीब और जरूरतमंद ग्रामीणों को शासन की योजनाओं के तहत मिलने वाला राशन समय पर और पूर्ण मात्रा में नहीं मिल पा रहा है।
ग्रामीणों और विशेष रूप से लाड़ली बहनों ने आरोप लगाया है कि समिति के अंतर्गत कार्यरत सेल्समैन नियमित रूप से खाद्यान्न का वितरण नहीं कर रहे हैं, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।
ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें निर्धारित मात्रा से कम राशन दिया जा रहा है, जबकि कई बार वितरण की तारीख भी स्पष्ट नहीं होती। इससे मजदूर वर्ग और गरीब परिवारों के सामने रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करना मुश्किल हो गया है। लोगों का आरोप है कि यह गड़बड़ी केवल सेल्समैन स्तर तक सीमित नहीं है, बल्कि समिति स्तर पर ही अनाज की कटौती की जा रही है। इस मामले में समिति के मैनेजर नंदू यादव पर भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि मैनेजर द्वारा सेल्समैनों पर दबाव बनाया जाता है कि वे हितग्राहियों को कम मात्रा में अनाज दें। साथ ही, यदि कोई शिकायत करता है तो उसे दबा दिया जाता है या उस पर कोई कार्रवाई नहीं होती। इससे ग्रामीणों में यह धारणा बनती जा रही है कि पूरे मामले में उच्च स्तर पर मिलीभगत है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह पहली बार नहीं है जब आदिम जाति सहकारी समिति धूमा पर अनियमितताओं के आरोप लगे हैं। इससे पहले भी खरीदी केंद्र, खाद्य वितरण और अन्य योजनाओं के संचालन में गड़बड़ियों की शिकायतें सामने आती रही हैं, लेकिन हर बार मामले को नजरअंदाज कर दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारियों तक शिकायतें पहुंचने के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता, जिससे दोषियों के हौसले बुलंद हैं। स्थिति से नाराज ग्रामीणों में अब आक्रोश बढ़ता जा रहा है और कई लोग खुलकर विरोध जताने लगे हैं। उनका कहना है कि यदि जल्द ही व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि गरीबों को उनका हक मिल सके। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या प्रशासन इस गंभीर मामले पर समय रहते संज्ञान लेकर ठोस कार्रवाई करेगा या फिर यह मामला भी अन्य शिकायतों की तरह ठंडे बस्ते में चला जाएगा।

# लोन के नाम पर ठगी और धमकी का आरोप, कार्रवाई न होने से पीड़ित परेशान

**जिले में एक फाइनेंस कंपनी पर लोन दिलाने के नाम पर गरीब परिवारों से ठगी और दबाव बनाने के गंभीर आरोप सामने आए हैं। पीड़ितों ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत देकर न्याय की गुहार लगाई है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



पीड़ितों में जमीला बी, पति जाहिर खान, निवासी गांधी वार्ड सिवनी तथा किरण पटले, पति कमलेश पटले, निवासी ग्राम सालेखुर्द (गुर्रापाठा), तहसील बरघाट सहित अन्य शामिल हैं।
आवेदन के अनुसार, फाइव स्टार फाइनेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा लोन स्वीकृत कराने के नाम पर 30 से 40 हजार रुपये तक फाइल/मॉर्गेज चार्ज के रूप में वसूले गए। आरोप है कि कंपनी ने लोन की अवधि 5 वर्ष बताई, लेकिन बाद में उसे बढ़ाकर 7 वर्ष तक कर दिया गया। जब पीड़ितों ने आपत्ति जताई या भुगतान में असमर्थता दिखाई, तो कंपनी से जुड़े लोगों द्वारा घर पहुंचकर गाली-गलौज, धमकी और महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार किया गया।
पीड़ितों का कहना है कि उन्हें यह भी कहा जाता है कि हमारी ऊपर तक पहुंच है, तुम कुछ नहीं कर सकते, जिससे वे भय और दबाव में हैं। शिकायत में यह भी उल्लेख है कि कई परिवार मजदूरी कर जीवन यापन करते हैं और इस तरह की वसूली से उनकी आर्थिक स्थिति और बिगड़ गई है।
बताया गया कि इस मामले की शिकायत पहले भी सिटी कोतवाली सिवनी में की गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे नाराज पीड़ितों ने पुनः उच्च स्तर पर हस्तक्षेप की मांग की है।
आवेदन में कंपनी के संबंधित कर्मचारियों पर अवैध वसूली, धोखाधड़ी और धमकी देने जैसे आरोप लगाते हुए प्रकरण दर्ज करने तथा मॉर्गेज/वसूली की कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की गई है। पीड़ितों की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता हिमांशु चक्रवर्ती (जिला सत्र न्यायालय, सिवनी) ने कहा कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो मामले को उच्च स्तर पर ले जाया जाएगा। उन्होंने अपील की है कि जिन भी लोगों के साथ इस प्रकार की घटना हुई है, वे मोबाइल नंबर 9713861335 पर संपर्क करें, ताकि पीड़ितों की सहायता कर उन्हें न्याय दिलाया जा सके। पीड़ितों ने प्रशासन से मांग की है कि इस प्रकार की फाइनेंस कंपनियों की जांच कर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि गरीब परिवारों का शोषण रुक सके।

### पट प्रतियोगिता के एक युग का अंतः 'अखंड हिंद केसरी' डुंगरिया किंग को दी गई अंतिम विदाई

छपारा। विकासखंड अंतर्गत ग्राम बिहिरिया में उस समय शोक की लहर फैल गई, जब पट प्रतियोगिता (बैलगाड़ी दौड़) के बेताज बादशाह 'डुंगरिया किंग' के निधन की खबर सामने आई। बीते एक दशक से पट प्रेमियों के दिलों पर राज करने वाले इस प्रसिद्ध बैल ने 22 अप्रैल की रात लगभग 11 बजे अंतिम सांस ली।
ज्ञात हो कि ग्राम बिहिरिया के मालगुजार आजिम पटेल को पट प्रतियोगिताओं का शौक विरासत में मिला है। उन्होंने डुंगरिया को केवल एक पशु नहीं, बल्कि एक योद्धा की तरह तैयार किया। अपनी ऊंची कद-काठी, तेज रफ्तार और अद्भुत ताकत के कारण डुंगरिया ने क्षेत्र सहित महाराष्ट्र में भी अपनी अलग पहचान बनाई थीं। डुंगरिया किंग ने अपने करियर में '8888' और 'अखंड हिंद केसरी' जैसे प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम किए। मध्य प्रदेश के पट प्रेमियों के बीच वह 'एमपी किंग' के नाम से भी विख्यात था। पिछले 10 वर्षों में उसके दबदबे को कोई चुनौती नहीं दे पाया था। बताया जा रहा है कि अचानक स्वास्थ्य खराब होने के कारण डुंगरिया का निधन हो गया। उसके जाने से पट प्रतियोगिता जगत को अपूरणीय क्षति पहुंची है। वहीं गुरुवार सुबह ग्राम बिहिरिया में डुंगरिया का अंतिम संस्कार किया गया,

# सिवनी को मिली करोड़ों की सौगात

### विधायक दिनेश राय मुनमुन ने मुख्यमंत्री एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री का माना आभार

**सिवनी।** गुरुवार को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने शासकीय पालीटेक्निक महाविद्यालय मे विभिन्न निर्माण कार्यों के हेतु करोड़ों की स्वीकृति प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री एवं माननीय तकनीकी शिक्षा मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। तकनीकी शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा सिवनी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय सिवनी मे नवीन भवन निर्माण हेतु 1158.69, इसी प्रकार 500 मीटर क्षमता के मल्टीपरपज हाल का निर्माण 385.00, 50 सीटर बालक छात्रावास का निर्माण 497.80, 50 सीटर बालिका छात्रावास का निर्माण 498.16 एवं इन्डोर स्पोर्ट्स हाल के निर्माण हेतु 327.75 राशि स्वीकृति प्रदान की गयी है। इस बड़ी उपलब्धि पर भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन जी द्वारा प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डा मोहन यादव जी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री इन्दर सिंह परमार के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया गया है। साथ ही श्री राय ने कहा कि भाजपा सरकार का लक्ष्य युवाओं को शिक्षा के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ सुविधाएं प्रदान करना है। इन निर्माण कार्यों से तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्र-छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा।
गौरतलब है कि क्षेत्रीय नागरिकों और विद्यार्थियों द्वारा पालिटेक्निक कालेज में नवीन भवन और छात्रावास जैसी बुनियादी सुविधाओं की मांग की जा रही थी। विद्यार्थियों की असुविधा को देखते हुए विधायक दिनेश राय मुनमुन ने इस विषय को प्राथमिकता दी और व्यक्तिगत रुचि लेते हुए माननीय मुख्यमंत्री एवं विभागीय मंत्री के समक्ष प्रस्ताव रखा, जिसे शासन द्वारा मंजूरी प्रदान कर दी गयी है।

# नगर विकास को लेकर परिषद द्वारा किया जा रहा भेदभाव

**सिवनी।** नगर नगर परिषद बरघाट में व्याप्त अव्यवस्थाओं वित्तीय अनियमिताओं एवं जन सुविधाओं को लेकर निर्दलीय पार्षदों ने कलेक्टर से मुलाकात की तथा उक्त व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए निवेदन किया है कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना सर मुलाकात करने वाले पार्षदों में श्रीमती संगीता रंजीत वासनिक पार्षद वार्ड क्रमांक 10 श्रीमती किरण नीरज सूर्यवंशी पार्षद वार्ड क्रमांक 13 श्रीमती रुचिका राकेश वासनिक पार्षद वार्ड क्रमांक 3 श्रीमती सुधा राम सिंह कंगाली पार्षद वार्ड क्रमांक एक श्रीमती साक्षी दल सिंह बिसेन पार्षद वार्ड क्रमांक 11 बाबर खान पार्षद वार्ड क्रमांक 2 जितेंद्र उर्फ पप्पू सिंगर पार्षद वार्ड क्रमांक 5 ने मुलाकात कर बताया कि बरघाट में डीजल पेट्रोल ब्याज में भारी अनीता की जा रही है वित्तीय वर्ष 2023 24 से लेकर 2025 26 तक नगर परिषद द्वारा उपयोग किए गए डीजल एवं पेट्रोल के व्यय का संपूर्ण रिकॉर्ड उपलब्ध कराया जाए ताकि उक्त व्यय की पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके वार्ड क्रमांक 13 में बंद नलकूप के कारण उत्पन्न जल संकट को तत्काल दूर किया जाए



निर्दलीय पार्षदों ने कलेक्टर से मिलकर कार्रवाई की मांग

नवीन बस स्टैंड का उपयोग सुनिश्चित किया जाए बरघाट नगर में बढ़ती यातायात दबाव के चलते होने वाली दुर्घटनाओं पर नियंत्रण एवं यातायात को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से नगर परिषद बरघाट द्वारा लगभग तीन एकड़ के विशाल क्षेत्रफल में नवीन बस स्टैंड का निर्माण कराया गया था जिसका उद्घाटन नवंबर 2019 में पूर्व मंत्री गौरी शंकर विषय एवं पूर्व सांसद डॉक्टर दल सिंह बिसेन के कर कमल से किया गया था किंतु आज दिनांक तक उक्त सर्व सुविधा युक्त बस स्टैंड परिसर में बसों एवं टैक्सियों को लगाए जाने के बजाय पुराने अत्यंत संकीर्ण बस स्टैंड में ही खड़ा किया जा रहा है जिससे सिवनी बालाघाट मुख्य मार्ग पर बार-बार जाम की स्थिति उत्पन्न होती है तथा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है नगर परिषद द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों में कराए गए डामरीकरण कार्यों में गंभीर तकनीकी अनिताएं परिलक्षित हो रही हैं सडक़ों में प्रयुक्त डामर की मात्रा अत्यंत कम है जिससे सात शीघ्र उखाडने लगती है सडक़ की मोटाई निर्धारित मानकों की अनुरूप नहीं रखी गई है जिससे भर बहन क्षमता कम हो जाती है बेस लेयर आधार परत एवं सब बेस की गुणवत्ता भी संदेह स्पर्ड है जिससे सडक़ की संरचनात्मक मजबूती प्रभावित होती है निर्माण कार्य में गुणवत्ता नियंत्रण एवं तकनीकी पर्यवेक्षक का अभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देता है इसकी जांच की जाए
शासकीय भूमि पर विस्तृत अतिक्रमण कहानी वाला चौक बरघाट नगर के वार्ड क्रमांक 13 स्थिति अत्यंत व्यस्त एवं संघा यातायात वाले रानीवाड़ा चौक में संजय सूर्यवंशी आत्मज स्वर्गीय हरिश्चंद्र सूर्यवंशी नमक दबंग व्यवसाय द्वारा सरेआम शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करते हुए तीन मंजिला व्यावसायिक भवन का निर्माण कर लिया गया है उक्त अतिक्रमण सिवनी बालाघाट मुख्य मार्ग तथा बरघाट कहानी वाला मार्ग की शासकीय भूमि पर किया गया है जिससे न केवल यातायात व्यवस्था बाधित हो रही है बल्कि चौक की चौड़ाई भी काम हो गई है जिसके कारण दुर्घटनाओं का की आशंका लगातार बनी रहती है पार्षदों ने यह भी आरोप लगाया कि नगर परिषद बरघाट द्वारा वर्ष 2022 से ही लगातार भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है सडक़ निर्माण एवं पक्की नाली निर्माण हेतु समय-समय पर दिए गए ज्ञापनों एवं अनुरोधों को जानबूझकर उपेक्षित किया जा रहा है जिससे संबंधित वार्डों में आधारभूत व्यवस्था सुविधाओं का गंभीर अभाव बना हुआ है इन वार्डो में जलापूर्ति की व्यवस्था अत्यंत सीमित एवं नाम मात्र की है जिसके कारण नागरिकों को दैनिक जीवन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है वहीं प्रकाश व्यवस्था स्ट्रीट लाइट भी संतोषजनक नहीं है इस भेदभाव के चलते केवल प्रशासनिक निष्पक्षता पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है बल्कि इससे आमजन के आक्रोश की स्थिति उत्पन्न हो रही है यह भी प्रतीत होता है कि इस प्रकार की कर प्रणाली किसी प्रकार के राजनीतिक लाभ प्राप्त करने के कुछ उद्देश्य से अपनायी इन जा रही है इन सब विसंगतियों को तत्काल दूर करने का निवेदन इन पार्षद ने किया है।

# शातिर हिस्ट्रीशीटर अफरोज उर्फ बिजली कोतवाली पुलिस की गिरफ़्त में

## सूने घर में की थी चोरी की वारदात, मारपीट के मामले में भी था फरार

### सोने चांदी के जेवरात सहित कुल 2 लाख 60 हजार का मशरुका जप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार अपराधियों की धरपकड़ करते हुए आम आदमी को राहत पहुँचाने का प्रयास किया जाता रहा हैं जो इसी क्रम में चोरी की 01 घटना का खुलासा कोतवाली पुलिस ने किया हैं।
उल्लेखनीय है कि दिनांक 21/04/2026 को प्रार्थिया मनीष कुमार माधूरे पिता प्रेमनाथ माथुरे निवासी संजय वार्ड साई मंदिर बजरंग चौक सिवनी द्वारा रिपोर्ट लेख कराई गई कि इसके मकान से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा दिनांक 19/04/2026 से दिनांक 21/04/2026 के 16.00 बजे के मध्य घर का ताला तोड़कर अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात एवं नकदी 35000/- रुपये चोरी कर लेने की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 0310/2026 धारा 331(4), 305 (A) बीएनएस का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया इसके अतिरिक्त आरोपी अफरोज खान उर्फ बिजली के व्दारा दिनांक 20/04/2026 के रात्री में अपने साथी रेहान खान के साथ मिलकर प्रार्थी विजय बंजारा पिता स्व. नरेश बंजारा का रास्ता रोककर शराब पीने के लिये 1000/- रुपये मांगने पर प्रार्थी के व्दारा रुपये ना देने पर जबरदस्ती रुपये छुडा लेना, मारपीट कर गाली गलौच करने संबंधी रिपोर्ट लेख कराने पर अपराध क्र.306/2026 धारा 126(2),119(1),296(b), 115(2), 351(2),3(5) BNS का पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया। उपरोक्त नकबजनी की घटना को



अंजाम देने वाले अज्ञात आरोपी की तलाश पतासाजी हेतु थाना स्तर पर टीम गठित की गई एवं घटना स्थल का बारिकी से निरीक्षण कर तकनीकि साक्ष्य के माध्यम से संभावित स्थानों में तलाश पतासाजी की जाकर छिन्दवाडा चौक के पास से मिलने पर थाना लाकर बारिकी पूछताछ की गई जिसके द्वारा टिग्गा मोहल्ला संजय वार्ड मे अपने साथी नवील खान निवासी सूफी नगर वाले के साथ सोने चांदी के जेवर एवं नकदी रुपयों की चोरी करना बताने पर आरोपियों अफरोज खान उर्फ बिजली एवं उसके साथी नवील खान से उक्त प्रकरण की चोरी का मशरुका एवं नकदीरुपये विधिवत् जप्त की जाकर उक्त अपराध में एंव मारपीट के अन्य अपराध क्र.306/2026 में आरोपियों की गिरफ्तारी की जाकर आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल सिवनी भेजा गया है।
पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड - पूर्व में भी आरोपी अफरोज उर्फ मारी उर्फ बिजली पिता सलीम खान उम्र 20 वर्ष निवासी भगतसिंह वार्ड पठान चौक सिवनी के विरूध्द थाना कोतवाली सिवनी में नकबजनी के 12 प्रकरण एवं आर्म्स एक्ट का 01, मारपीट का 01 प्रकरण एवं थाना कान्हीवाड़ा में नकबजनी का 01 प्रकरण पंजीबध्द है। जप्तीः- 1. अपराध क्रमांक 310/2026 धारा 331 (4), 305 (A) बीएनएस के अपराध में सोने के 04 कंगन, सोने का 01 मंगलसूत्र, सोने की 01 अंगूठी, सोने के 02 लॉकेट (हाय), चांदी के 04 जोडी कंगन चांदी की 01 चेन, चांदी की 01 अंगूठी, नगदी 3000/- कुल कीमती 2,60,000/- का मशरुका। गिरफ़्तार आरोपीः- 1. अफरोज उर्फ मारी उर्फ बिजली पिता सलीम खान उम्र 20 वर्ष निवासी भगतसिंह वार्ड पठान चौक सिवनी 2. नवील खान पिता शाहिल खान उम्र 19 वर्ष निवासी सूफी नगर गांधीवार्ड सिवनी। एक अन्य आरोपी की तलाश जारी। अपराध क्र.306/2026 में गिरफ्तार आरोपी अफरोज उर्फ मारी उर्फ बिजली पिता सलीम खान उम्र 20 वर्ष निवासी भगतसिंह वार्ड पठान चौक सिवनी 2. रेहान खान पिता इमरान उर्फ इम्मू उम्र 19 साल निवासी छिन्द वाले बाबा की मजार भगतसिंह वार्ड सिवनी।

#### सराहनीय कार्य

थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक श्री सतीश तिवारी, उनि डी.सी. ग्यारसिया, सउनि संतोष बैन, प्र.आर. मुकेश गोडाने, मनोज पाल, आर. प्रतीक बघेल, सिध्दार्थ दुबे, सतीश इनवाती, रत्नेश कुशवाहा, मुकेश चौरिया, राजेन्द्र राजपूत, अनिल वर्मा, विनय सेंगर की विशेष भूमिका रहीं हैं।

# लू तापाघात से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

**सिवनी।** लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा लू तापघात के प्रकोप से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी करते हुये नागरिकों से गर्मी के मौसम में एहतियात बरतने की सलाह दी है। भारतीय मौसम विभाग द्वारा जारी मौसमी दृष्टिकोण के अनुसार प्रदेश सहित समस्त मध्य भारत में मार्च-मई 2026 का तापमान औसत तापमाने से अधिक होने की संभावना है। इसके कारण प्रदेश के अधिकांश भागों में लू तापघात की स्थिति निर्मित हो सकती है। **लू (तापघात) से बचाव हेतु अपनाई जाने वाली सावधानियां-** जनसामान्य पानी, छांछ, ओ.आर.एस. का घोल या घर में बने पेय जैसे लस्सी, नीबू पानी, आम का पना इत्यादि का सेवन कर तरो-ताजा रहें। यथा संभव दोपहर 12 से 03 बजे धूप में बाहर निकलने से बचें। धूप में निकलते समय अपना सिर ढक कर रखें। कपड़े, टोपी अथवा छतरी का उपयोग करें। धूप में निकलने के पूर्व तरल पदार्थ का सेवन करें। पानी हमेशा साथ रखें। शरीर में पानी की कमी नहीं होने दें। सूती, ढीले एवं आरामदायक कपड़े पहनें। सिंथेटिक एवं गहरे रंग के वस्त्र पहनने से बचें। जानवरों को छाया में रखें और पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी दें। अत्यधिक गर्मी होने की स्थिति में ठंडे पानी से शरीर को पोछे या कई बार स्नान करें।

## सिवनी के खिलाड़ियों का अंतरराष्ट्रीय मंच पर शानदार प्रदर्शन

# कुआलालंपुर में आयोजित कराटे प्रतियोगिता में जीते पदक, देश का बढ़ाया मान कलेक्टर श्रीमती मीना ने खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन

**17 से 19 अप्रैल 2026 तक मलेशिया के कुआलालंपुर में आयोजित इंटरनेशनल 15वीं साइलेंट नाइट कराटे कप 2026 में मध्यप्रदेश सेल्फ डिफेंस कराते ट्रेनिंग सेंटर, सिवनी के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश एवं देश का गौरव बढ़ाया।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



प्रतियोगिता में धरा चौरसिया ने -18 किलोग्राम वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक अर्जित किया। वहीं खुशिल चंदेल एवं आर्यन राजपूत ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत हासिल कर भारत को विजेता बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह उपलब्धि खिलाड़ियों के उत्कृष्ट कौशल, अनुशासन एवं प्रतिस्पर्धात्मक जुझारूपन का प्रतीक है, जिसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश की खेल प्रतिभाओं की सशक्त पहचान स्थापित की है। सभी खिलाड़ियों से भेंट कर कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने उनका उत्साहवर्धन किया।
उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद सिवनी के खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जो सफलता हासिल की है, वह पूरे जिले के लिए गौरव की बात है। यह उपलब्धि अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगी। कलेक्टर श्रीमती मीना ने खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास, अनुशासन और समर्पण के साथ आगे बढ़ते रहने की सलाह देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

### डॉक्टर्स की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश

# जिला चिकित्सालय बालाघाट का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 23 अप्रैल को जिला चिकित्सालय बालाघाट का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और मरीजों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री मीना ने ओपीडी, नेत्र वार्ड, बर्न वार्ड, दंत वार्ड, मेडिकल वार्ड, आर्थोपेडिक वार्ड, हाई डिपेंडेंसी यूनिट (एचडीयू) और जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र (डीईआईसी) का भ्रमण किया। उन्होंने प्रत्येक वार्ड की व्यवस्थाओं को देखा और उपचाररत मरीजों से चर्चा कर सुविधाओं की गुणवत्ता पर फीडबैक लिया।

कलेक्टर श्री मीना ने चिकित्सकों की समय पर उपस्थिति को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए निर्देश दिए कि सभी डॉक्टर निर्धारित समय पर उपस्थित रहें, अन्यथा उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अस्पताल में निर्माणाधीन आई वार्ड और बर्न वार्ड के कार्य को तेजी से पूरा करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुराने आईसीयू को कोविड काल में निर्मित नए आईसीयू में शिफ्ट करने और पुराने आईसीयू के सुधार कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। साथ ही अस्पताल के शौचालय, वाशरूम और सीपेज से जुड़े 48 लाख रुपये के सिविल कार्यों को जल्द स्वीकृति दिलाकर प्रारंभ करने पर जोर दिया।

कलेक्टर श्री मीना ने सीटी स्कैन मशीन के पंजीयन को लेकर भी गंभीरता दिखाई और पीसी एंड पीएनडीटी अधिनियम के तहत तत्काल पंजीयन कराने के निर्देश दिए। इसमें देरी होने पर संबंधित जिम्मेदारों पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष ध्यान देते हुए उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देशित किया कि अस्पताल में साफ-सफाई में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। मरीजों को सभी आवश्यक दवाएं अस्पताल से ही उपलब्ध कराई जाएं, ताकि उन्हें बाहर से दवा न खरीदनी पड़े। गर्मी के मौसम को देखते हुए सभी वार्डों में कूलर और पंखे सुचारु रूप से चालू रखने के निर्देश भी दिए गए। जिन वार्ड में एसी लगे हैं वह सभी चालू हालत में रखने के निर्देश दिये गये।

निरीक्षण के दौरान मरीजों ने अस्पताल में मिल रही सुविधाओं पर संतोष व्यक्त किया, हालांकि शौचालय और स्वच्छता व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता भी बताई। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ नीलय जैन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ परेश उपलप सहित एनएचआरएम की उपयंत्री भी उपस्थित रहीं। यह निरीक्षण स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की दिशा में प्रशासन की सक्रियता का संकेत देता है।

### जिला पंचायत सदस्य ही बन गये ठेकेदार

# स्टापडेम निर्माण में सरपंच, सचिव की मिली भगत से लाखों का भ्रष्टाचार

### मामला जनपद पंचायत परसवाड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत सहेजना का

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जनपद पंचायत परसवाड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत सहेजना में ग्राम झारखेड़ा परसाड़ी नाली में निर्माणाधीन स्टापडेम निर्माण कार्य में सरपंच, सचिव की मिलीभगत से गुणवत्ताहीन कार्य करते हुए सामग्री के नाम पर लाखों का भ्रष्टाचार करने की जानकारी प्राप्त हो रही हैं। मिली जानकारी अनुसार वर्ष 2025 अनुसार मनरेगा योजना अंतर्गत 3 लाख 96 हजार तथा 15वॉ वित्त जिला पंचायत से 14 लाख 50 हजार एवं 15वॉ वित्त ग्राम पंचायत से 1.97 लाख की राशि स्वीकृत की गई हैं। कुल स्वीकृति 20.43 लाख रूपये।

मिली जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत के द्वारा गुणवत्ताहीन रेत का उपयोग किया गया हैं। सूत्रो से मिली जानकारी अनुसार जिला पंचायत सदस्य दलसिंह पंद्रे उपरोक्त कार्य में ठेकेदार की भूमिका निभा रहे हैं। सरपंच, सचिव के द्वारा सांठ-गांठ करते हुए अपना कमीशन निकालकर निर्माण कार्य ठेकेदार के हवाले कर दिया गया हैं। ठेकेदार के द्वारा धन बचाने की लालसा से निर्माण कार्य घटिया तरीके से किया जा रहा हैं। मौके पर



उपस्थित मजदूरों ने बताया कि निर्माण कार्य के दौरान उपयंत्री कार्य की मॉनिटरिंग नहीं करते हैं। उपयंत्री के द्वारा भी अपना परसेंटेज लेते हुए कागजों में निर्माण कार्य का प्रोग्रेस दिखा रहे हैं। मौका स्थल पर स्टापडेम किस मंशा से बनाया जा रहा हैं, समझ से परे हैं।

### 7 आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने लिया रिमांड पर

# खेत के मकान का ताला तोड़ कर 9 क्विंटल सरसों चोरी

### वारासिवनी क्षेत्र में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, अन्य वारदातों के खुलासे की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

वारासिवनी क्षेत्र में चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है, जहां ग्राम कोस्ते निवासी किसान शिव प्रसाद चौहान के खेत में स्थित मकान का ताला तोडक़र चोरों ने सरसों की बोरियां चुरा ली। घटना 19 अप्रैल 2026 की दरमियानी रात की है। जानकारी अनुसार अज्ञात चोरों ने चार कमरों वाले मकान का पिछला दरवाजा तोडक़र वहां रखे 28 कट्टों में से 22 कट्टे सरसों करीब 9 क्विंटल चोरी कर लिया था, जिसकी अनुमानित कीमत 45 हजार रुपये बताई जा रही है।



घटना की सूचना रात करीब 2 बजे ग्राम कोस्ते के नल चालक रोहित भोरगढ़े ने किसान को दी। मौके पर पहुंच कर किसान ने चोरी की पुष्टि की और थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपियों में शहजाद उर्फ सज्जू 32 वर्ष, अभय सहारे 22 वर्ष, बादल मेश्राम 22 वर्ष, राहुल बुरे 23 वर्ष, जागेश्वर बघेल 47 वर्ष, समीर खान 24 वर्ष और सोनू नांदने 24 वर्ष शामिल हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों को वारासिवनी न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया है। पुलिस का मानना है कि आरोपियों से पूछताछ के दौरान क्षेत्र में हुई अन्य चोरी की वारदातों का भी खुलासा हो सकता है। फिलहाल पुलिस टीम मामले की जांच में जुटी हुई है।

### सैटेलाइट सर्वे ने बढ़ाई किसानों की मुसीबत

# गेहूं खरीदी में तकनीकी समस्या बनी अड़चन

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की प्रक्रिया तकनीकी खामियों और सैटेलाइट सर्वे की गलतियों के कारण किसानों के लिए मुसीबत बन गई है। वृहत्ताकार साख सहकारी समिति मर्यादित कटंगी के पंजीकृत कई किसान अपनी फसल बेचने के लिए परेशान हो रहे है। गुरूवार को शासकीय गेहूं उपार्जन केंद्र नंदलेसरा में पहुंचे किसानों ने गेहूं खरीदी के दौरान आने वाली अलग-अलग समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। किसानों के अनुसार सबसे गंभीर समस्या सैटेलाइट आधारित फसल सत्यापन में आ रही है। किसानों के खेतों में गेहूं की फसल खड़ी होने के बावजूद, सरकारी पोर्टल में उनके खेत में कोई उत्पादन ना होना प्रदर्शित हो रहा है। जिस कारण स्लॉट बुकिंग के दौरान पोर्टल असत्यापित फसल बता रहा है और स्लॉट बुकिंग नहीं हो रही है। दरअसल, बिना स्लॉट बुकिंग के किसानों से गेहूं की खरीदी नहीं की जा सकती है। सरकार ने बुकिंग की अंतिम तिथि 30 अप्रैल तय कर रखी है यानी स्लॉट बुकिंग के लिए अब महज 06 दिन ही शेष रह गए है। बिना स्लॉट बुक कराएं किसान अपनी उपज का एक दाना भी सरकारी दाम में नहीं बेच सकता। इसलिए उन्हें काफी चिंता सता रही है। इस तकनीकी समस्या के बारे में किसानों ने क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी को भी अवगत करवाया गया है। विधायक ने किसानों को भरोसा दिया है कि वह वरिष्ठ अधिकारियों से इस मामले को लेकर चर्चा कर रहे हैं शीघ्र ही निराकरण निकाला जाएगा ताकि कोई भी किसान फसल बेचने से ना चूक जाए। इसके अलावा 05 एकड़ से अधिक की भूमि वाले किसानों के भी स्लॉट बुकिंग में परेशानी आ रही है। किसानों ने कहा कि अगर समय पर इस तकनीकी समस्या का निराकरण नहीं किया गया तो किसानों को मजबूरन व्यापारियों और बिचौलियों को औने-पौने दाम में अपनी फसल बेचनी पड़ सकती है।



दरअसल, मध्य प्रदेश में मोहन सरकार ने गेहूं खरीदी में सैटेलाइट तस्वीर का सहारा लिया गया है। इसका मकसद गड़बड़ी को रोकना था परंतु यह तकनीक किसानों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। खेती-किसानी में सैटेलाइट आधारित सर्वेक्षण से किसानों की परेशानी बढ़ गई है। सर्वे के आंकड़ों के आधार पर खरीदी केंद्रों पर गेहूं की मात्रा तय की गई है, जिससे कई किसानों को अपने वास्तविक उत्पादन के अनुरूप समर्थन मूल्य पर बिक्री का अवसर नहीं मिल पा रहा है। यह दिक्कत 05 एकड़ से अधिक की भूमि वाले किसानों के सामने आ रही है।

### धू धू कर जला पान ठेला, फायर ब्रिगेड ने बुझाई आग

**वारासिवनी।** वारासिवनी से रामपायली सडक़ मार्ग पर ज्योतिबा फुले चौक के पास एक पान ठेले में कल रात्रि में अचानक आग लगने से हडक़ंप मच गया। आग की चपेट में आने से ठेला व उसमें रखा पूरा सामान जलकर खाक हो गया। लेकिन समय रहते हुए फायर ब्रिगेड ने आकर आग पर काबू पा लिया। अन्यथा कोई बड़ी घटना घट सकती थी। ठेला संचालक अजय हेडाऊ ने बताया कि वह पिछले तीन दिनों से एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए दुकान बंद कर गया हुआ था। रात्रि लगभग साढ़े 8 बजे पड़ोसी प्रवीण लिमजे ने उन्हें दूरभाष पर सूचना दी कि उनकी दुकान में आग लग गई है। सूचना मिलते ही उसने तत्काल फायर ब्रिगेड को भी सूचित किया। उसके बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड और स्थानीय दुकानदारों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

## विदेश में पढ़ाई के लिए अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को मिलेगी छात्रवृत्ति

**बालाघाट।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा विदेश में उच्च शिक्षा के लिए अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दे रहा है। पूरे प्रदेश से 50 विद्यार्थियों का चयन विदेशों में स्नातकोत्तर एवं शोध उपाधि के लिए किया जाता है। कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने जिले के सभी कालेजों के प्राचार्यों से कहा है कि वे पात्र विद्यार्थियों को इस योजना से अवगत कराएं जिससे इच्छुक विद्यार्थी विदेश में उच्च अध्ययन के अवसर का लाभ उठा सकें।

राज्य शासन द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम में स्नातकोत्तर उपाधि अथवा शोध उपाधि प्राप्त करने के लिए अनुसूचित जनजाति के जो पात्र विद्यार्थी विदेश में किसी मान्य विश्वविद्यालय में प्रवेश लेते हैं तो उन्हें छात्रवृत्ति के रूप में यूनिवर्सिटी की फीस की वास्तविक व्यय राशि अथवा 40 हजार अमेरिकन डॉलर इनमें से जो कम हो दिया जाता है। इसके साथ-साथ निर्वाह भत्ता के रूप में 9 हजार अमेरिकन डॉलर और आकस्मिक भत्ते के रूप में एक हजार अमेरिकन डॉलर दिए जाते हैं। इसके साथ-साथ शिक्षण शुल्क, मेडिकल, इंश्योरेंस, वीजा शुल्क तथा हवाई यात्रा किराया भी प्रदान किया जाता है। स्नातकोत्तर पढ़ाई के लिए आवेदन करने पर स्नातक में 60 प्रतिशत से अधिक तथा शोध उपाधि के लिए स्नातकोत्तर परीक्षा में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करना आवश्यक है। शोध उपाधि के लिए एमफिल की उपाधि अथवा संबंधित क्षेत्र में दो वर्ष के अध्यापन का अनुभव होना आवश्यक है।

इस संबंध में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती शकुंतला डामोर ने बताया कि आवेदक का मध्यप्रदेश में निवासरत अनुसूचित जनजाति का सदस्य होना आवश्यक है। जिसकी आयु सीमा 18 से 35 वर्ष निर्धारित की गई है। अनुसूचित जनजाति के पात्र विद्यार्थी विभाग की वेबसाइट www.tribal.mp.gov.in पर उपलब्ध आवेदन पत्र के प्रारूप को प्राप्त कर आवेदन कर सकते हैं।

# जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक संपन्न, विकास कार्यों की प्रगति पर हुई विस्तृत समीक्षा

**बालाघाट।** जिला पंचायत बालाघाट के सभागृह में गुरुवार को सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले में संचालित विकास योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरसवार ने की। बैठक में बैहर विधायक श्री संजय उइके, जिला पंचायत के सभी सदस्य, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अभिषेक सराफ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत पूर्व बैठक के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा से हुई।



बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं उठाईं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ग्राम पंचायत जमुनिया के कछार में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की नियुक्ति का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। खनिज विभाग की समीक्षा में कटंगझरी एवं डोंगरिया क्षेत्रों में खदानों के कारण भूजल स्तर गिरने की समस्या पर चिंता व्यक्त की गई। खदान संचालकों को सीएसआर मद के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। विद्युत विभाग से संबंधित मुद्दों में ग्राम चिचगांव में वोल्टेज की समस्या एवं बिजली पोल की कमी तथा मोहगांव में सब-डिवीजन केंद्र स्थापित करने की आवश्यकता पर चर्चा की गई। इस संबंध में प्रस्ताव शासन को भेजने के निर्देश दिए गए।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को स्कूलों में पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा ग्राम चिखमारा सहित अन्य ग्रामों में नल-जल योजनाओं की खराब मोटरों को तत्काल सुधारने के निर्देश दिए गए। शिक्षा से जुड़े विषयों में कटंगी क्षेत्र के निजी स्कूलों के विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए बालाघाट आने में हो रही परेशानी पर चर्चा हुई। ब्लॉक स्तर पर परीक्षा केंद्र स्थापित करने के लिए शासन को पत्र भेजने का सुझाव दिया गया। साथ ही किरनापुर के ग्राम पौनी में अतिरिक्त कक्ष निर्माण एवं स्कूलों तक पहुंच मार्गों पर पुल-पुलिया निर्माण की आवश्यकता बताई गई।

सामाजिक न्याय विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि जिले में 11 प्रकार की पेंशन योजनाओं के तहत 1,92,617 हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। बैहर में वृद्धा पेंशन वितरण में देरी पर नाराजगी जताई गई। दिव्यांगों को वितरित ट्रायसाइकिल के मरम्मत कार्य में देरी पर संबंधित संस्था को पत्र लिखने के निर्देश दिए गए। साथ ही किरनापुर में सामूहिक विवाह की नई तिथि निर्धारित करने हेतु शासन को प्रस्ताव भेजने की बात कही गई। वन विभाग की समीक्षा में नदी-नालों पर स्टॉप डैम निर्माण के प्रस्ताव भेजने, जल संरक्षण एवं वन्यप्राणियों के लिए पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। विधायक संजय उइके ने वन क्षेत्र में कमी एवं बांस के घटते रकबे पर चिंता जताते हुए फलदार वृक्षों के रोपण पर बल दिया।

बैठक में पंचामा दादर क्षेत्र में प्रस्तावित बॉक्साइट खनन को लेकर जनप्रतिनिधियों ने आपत्ति दर्ज कराई और इसे जल, जंगल एवं जीवन के लिए हानिकारक बताते हुए रोक लगाने की मांग की।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन सड़कों एवं पुल-पुलियों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए बैहर-कटंगी-आमगांव मार्ग पर पुल निर्माण की धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त की गई और कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं समयसीमा का विशेष ध्यान रखने पर जोर दिया गया, ताकि वर्षा ऋतु में ग्रामीणों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक के बैठक में अनुपस्थित रहने पर अध्यक्ष द्वारा अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। अंत में जनप्रतिनिधियों ने विकास कार्यों में तेजी लाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया।

### गेहूँ खरीदी के लिए 1249 किसानों ने कराया स्लॉट बुक

**बालाघाट।** रबी विपणन मौसम 2026-27 के तहत जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य शुरू कर दिया गया हैं। जिले में किसानो से समर्थन मूल्य पर गेहूँ की खरीदी के लिए 13 केंद्र बनाये गए है। इन केंद्रो पर 15 अप्रैल 2026 से खरीदी प्रारंभ कर दी गई है। 23 अप्रैल तक जिले के 164 किसानों से 3672 क्विंटल गेहूँ की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा चुकी है। जिले के 4388 किसानों ने समर्थन मूल्य पर गेहूँ विक्रय के लिए अपना पंजीयन कराया है। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आरके ठाकुर ने बताया कि इस वर्ष गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। इस पर शासन द्वारा 40 रुपए प्रति क्विंटल बोनस दिया जा रहा है। इस प्रकार किसानों को प्रति क्विंटल गेहूँ का दाम 2625 रुपए प्राप्त होगा। रबी विपणन वर्ष 2026-27 में गेहूं उपार्जन के लिए किसानों की स्लॉट बुकिंग की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है। अब तक जिले के 1249 किसानों गेहूँ खरीदी के लिए स्लॉट बुक करा लिया है। निर्धारित तिथि के पश्चात स्लॉट बुकिंग की प्रक्रिया संभव नहीं होगी।

### मुख्यमंत्री डां मोहन यादव की संवेदनशीलता किसानों को बाजार दर का 4 गुना मिलेगा मुआवजा

# भू-अर्जन के मुआवजे को लेकर प्रदेश सरकार का किसान हित में ऐतिहासिक निर्णय : भारती पारधी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद द्वारा किसानों के लिए गए ऐतिहासिक निर्णय एक सकारात्मक और किसान हितैषी निर्णय है, प्रदेश सरकार ने कृषि भूमि के भू-अर्जन के मुआवजे को लेकर एक अभूतपूर्व फैसला लिया है, जिसके तहत अब किसानों को बाजार दर का 4 गुना मुआवजा मिलेगा, मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद द्वारा लिए गए किसान हित के निर्णय पर प्रदेश सरकार का लोकसभा क्षेत्र बालाघाट सांसद भारती पारधी ने कल जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पत्रकार गण, भाजपा प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट निशांत बिसेन, पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश रंगलानी, जिला महामंत्री संजय मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष गोपाल आडवाणी, जितेन्द्र सिंह मोहारे, जिला मीडिया प्रभारी हेमेंद्र क्षीरसागर उपस्थित रहे।

इसी कड़ी में सांसद भारती पारधी ने कहा, इस फैसले से न केवल किसानों को आर्थिक रूप से सशक्तिकरण मिलेगा, बल्कि प्रदेश में विकास की रफ्तार भी तेज होगी और हर वर्ग के लिए लाभकारी सिद्ध होगी। यह सिर्फ मुआवजा नहीं, बल्कि भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी की किसानों के प्रति संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

सांसद भारती पारधी ने कहा हमारा प्रदेश विकसित मध्यप्रदेश की ओर निरंतर बढ़ रहा है, जिसके लिए समय-समय पर भू-अर्जन आवश्यक रहता है। पिछले तीन वर्षों में 55 हजार से अधिक किसानों को 16 हजार करोड़ मुआवजा दिया गया है, जिसे बढ़ाकर अब हर साल करीब 20 हजार करोड़ किया जाएगा। कृषि भूमि के भू-अर्जन से मिलने वाले बढ़े हुए मुआवजे से सिंचाई परियोजनाओं, सड़कों, पुलों, रेलवे और अन्य विकास कार्यों को गति मिलेगी, जिससे प्रदेश का समग्र विकास सुनिश्चित होगा।

प्रेस वार्ता का संचालन करते हुए भाजपा प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट निशांत बिसेन ने कहा वर्ष 2026 को "कृषक कल्याण वर्ष" के रूप में आगे बढ़ाया जा रहा है। यह निर्णय किसानों की समृद्धि और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा, यह निर्णय किसानों के लिए स्वागत योग्य है, जो उनकी मेहनत को उचित सम्मान देता है, उनके अधिकारों की रक्षा करता है और विकास कार्यों में उनकी भूमिका को मान्यता प्रदान करता है।



वहीं भाजपा जिला मीडिया प्रभारी हेमेन्द्र क्षीरसागर ने कहा प्रदेश सरकार द्वारा सिंचाई, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य अधोसंरचना के लिए 33,985 करोड़ रुपये की स्वीकृति से प्रदेश की बुनियादी सुविधाओं में सुधार होगा और किसानों को सिंचाई जैसे महत्वपूर्ण संसाधनों का लाभ मिलेगा।

आभार प्रकट करते हुए भाजपा जिला महामंत्री संजय मिश्रा ने कहा, प्रदेश के किसानों से अपील है कि वे सरकार के इन प्रयासों को समझें और अधिक से अधिक लाभ उठाएं। अंत में एक बार फिर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के किसानों के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता और समर्पण के लिए धन्यवाद देते हैं।

### हाईकोर्ट में याचिका, इस्पात मंत्रालय से मांगा जवाब

# आरोपों से घिरे सुरेश को मॉयल अध्यक्ष पद से हटाएं

### बंबई उच्च न्यायालय की नागपुर

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

खंडपीठ में दायर याचिका में विश्वनाथ सुरेश को मायॅल लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक पद से हटाने की मांग की गई है. इस याचिका में कहा गया है कि स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) में 370 करोड़ रुपए के कथित भ्रष्टाचार मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो द्वारा जांच जारी है.याचिकाकर्ता एवं मॉयल जनशक्ति मजदूर संघ के अध्यक्ष रामकृपाल खुरसेल ने यह याचिका दायर की है. इस पर मंगलवार को सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति अनिल किलोर और राज वाकोड़े की खंडपीठ ने केंद्रीय इस्पात मंत्रालय, सीबीआई और केंद्रीय सतर्कता आयोग से 7 मई तक जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए.याचिका के अनुसार, विश्वनाथ सुरेश की नियुक्ति जनवरी 2026 में मॉयल के शीर्ष पद पर की गई. इससे पहले वे सेल में सीजीएम (सेल्स) और क्षेत्रीय प्रबंधक (उत्तर) के पद पर कार्यरत थे. उस दौरान उनके सहित 29 अधिकारियों पर 370 करोड़ रुपए के स्टील सप्लाई घोटाले के आरोप लगे थे और सुरेश को 8 महीने के लिए निलंबित भी किया गया था. वर्तमान में लोकपाल के आदेश पर इस मामले की सीबीआई जांच जारी है, जबकि सतर्कता विभाग ने भी भ्रष्टाचार की पुष्टि की है. ऐसे में इतनी महत्वपूर्ण सार्वजनिक पद पर उनकी नियुक्ति कानून और नैतिकता के विरुद्ध होने का दावा याचिका में किया गया है. याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अरविंद वाघमारे ने पक्ष रखा।